## ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ

ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು–560003.

## KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

**Malleshwaram, Bengaluru-560003.**

## 2025-26ರ ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆಪತ್ರಿಕೆ–3

## S.S.L.C MODEL QUESTION PAPER -3 : 2025-26

### ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ ಹಿಂದಿ

SUBJECT: **Third Language Hindi**

ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: **61H** — **Subject Code: 61H**

ಸಮಯ: 3 ಗಂಟೆ ] — **[Time : 3 Hours**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : **80 ]** — **[ Max. Marks : 80**

---

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
3. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
4. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए ।** **8 x1= 8**

1. 'हानि' का विलोम रूप है –

A) नष्ट B) नुकसान C) उपकार D) लाभ ।

2. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है –

A) किताब B) बच्चा C) बीमारियाँ D) कहानी ।

3. 'लेखक' का अन्य लिंग रूप है –

A) लेखिका B) लेखकी C) लेखन D)लेखीका ।

4. निम्नलिखित में से 'प्रथम प्रेरणार्थक रूप' है –

A) सुलवाना B) सुलाना C)सुनना D) सुनवाई ।

5. 'सदैव' शब्द में संधि है –

A)यण संधि B) दीर्घ संधि C) विसर्ग संधि D) वृध्दि संधि ।

6.'राजमहल' शब्द का समास है –

A) द्वंद्व समास B) द्विगु समास C) कर्मधारय समास D) तत्पुरूष समास ।

7. आज का युग इंटरनेट का युग है ।

वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

A) पूर्ण विराम B) प्रश्नवाचक C) उध्दरण D) विस्मयादिबोधक ।

8. अब्दुल कलाम का जन्म रामेश्वरम______हुआ ।

रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –

A) से B) पर C) में D) को ।

**II . प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए ।** **4 x 1 = 4**

9. नागपूर : संतरा : : कश्मीर : __________

10. मकान की छत : मछली की पीठ जैसी : : मकान के स्तंभ : ______

11. पंप : प्राचीन कवि : : कंबार :___________

12. कृष्ण का रंग : काला : : यशोदा का रंग : ____________

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक पूर्ण वाक्य में लिखिए :** **4 x 1 = 4**

13. अब्दुल कलाम जी बचपन में किस घर में रहते थे ?

14. दोस्तों ने मकान बनाने के बारे में किन-किन से पूछा ?

15. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?

16. मुखिया को किस के समान होना चाहिए ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 x 2 = 16**

17. कश्मीरी सेब पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं ?

18. आशियम्मा जी कलाम को खाने में क्या-क्या देती थीं ?

19. लेखक परसाई जी ने मंत्री जी को कैसे समझाया ?

20 बच्चे गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाते हैं ?

21. कवि दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? स्पष्ट कीजिए ।

22. यशोदा कृष्ण को कैसे मनाती है ?

23. शनि अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?

**अथवा**

शनि का वायुमंडल कैसे बना है ?

24. महात्मा गांधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

**अथवा**

मीना मैडम द्वारा आयोजित कार्यशिबिर के विषय कौन-कौन से थे ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** **9 x 3 = 27**

25. गिल्लू के दुःखद अंत के बारे में लिखिए ।

26. इंटरनेट सचमुच एक वरदान है । स्पष्ट कीजिए ।

27. सक्सेना परिवार रोबोनिल को पाकर खुश था । क्यों ? विवरण दीजिए ।

28. बचेंद्री पाल का बचपन कैसे बीता ?

29. कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तुकला अनोखी है । कैसे ?

30. मातृभूमि कविता में प्रकृति सौंदर्य कैसे वर्णित है ?

31. समय अत्यंत अनमोल है । कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

**32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

राम नाम मनि दीप धरू ,जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरौ ,जो चाहसी उजियार ॥

**33. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए।**

सत्य की महीमा अपार है । सत्य अत्यंत शक्तिशाली है । अत: हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए ।

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए :** **2 x 4 = 8**

**34.** पं. राजकिशोर के मानवीय गुण अनुसरणीय है । कैसे ? बताइए ।

**अथवा**

बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लडका है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

असफलता एक____________________________

_____________________________________

_____________________________________

______________________________भागो तुम ।

**VII. गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए** : **1** x **4** = **4**

**36.** हास्य, नीरस जीवन को सुखद बना देता है । हास्य का जादू सुगंध की तरह चारों ओर फैल जाता है । मनुष्य को जीवन में इतनी मुसीबतों का सामना करना पडता है कि वह अपने जीवन को बहुत मुश्किल समझने लगता है । ऐसे कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए जीवन में हँसने का अवसर हो । हँसी के सहारे मनुष्य अपने कष्टों को भूलने का प्रयत्न करता है । तनाव, व्यस्तता, संघर्ष आदि आज के जीवन की सहज देन हैं । इनसे बचने के लिए यह आवश्यक है कि हम हँसना सीखें ।

अ) नीरस जीवन को सुखद कौन बनाता है ?

आ) आज के जीवन में सहज देन क्या है ?

इ) कठिन जीवन को जीने योग्य बनाने के लिए क्या जरूरी है ?

ई) हास्य का जादू कैसे फैलता है ?

**VIII. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12 से 15 वाक्यों में एक निबंध लिखिए :** **1** x **4 = 4**

37. क) इंटरनेट

* प्रस्तावना
* इंटरनेट के लाभ व हानि
* उपसंहार ।

ख) समय का महत्व

* विषय प्रवेश
* विषय विवरण
* उपसंहार ।

ग) बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ

* प्रस्तावना
* विषय विवरण
* उपसंहार ।

**IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1 × 5 = 5**

38. चंद्रयान के बारे में बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए ।

**अथवा**

कोई सकारण देते हुए प्रधानाध्यापक के नाम दो दिन की छुटटी माँगते हुए पत्र लिखिए ।